दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-52 बुधवार 22 फरवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# 'जी-20- भ्रष्टाचार के खिलाफ वैश्विक सहयोग' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आर एंड डी सेंटर, फरीदाबाद द्वारा 'जी-20- भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. जी.एस. कपूर, पूर्व-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर,आई/सी (केमिकल टेक्नोलॉजी एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन एंड फोरकास्टिंग) और हेड न्यू आर एंड डी कैंपस रहे। विपुल शर्मा जी (मुख्य प्रबंधक, विजिलेंस) ने मुख्य अतिथि डॉ.जी.एस.कपूर और चेयरपर्सन डॉ.कृष्णकांत को पौधा भेंट कर उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान के लिए अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ को चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को जी-20 के मुद्दे के प्रति संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बहुत अच्छे से उदाहरणों के द्वारा सदाचार और भ्रष्टाचार के अंतर को बखूबी समझाया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे मानसिक रूप से शपथ लें कि वे भ्रष्टाचार ना करेंगे और ना ही करने देंगे। डॉ.जी.एस. कपूर ने बताया कि कैसे भ्रष्टाचार स्थायी आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, बाजार की प्रतिस्पर्धा को रोकता है। यह समुदायों और देश की समृद्धि और सुरक्षा में भी बाधा डालता है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार कोई स्थानीय घटना नहीं है बल्कि यह वैश्विक घटना है। लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के मामले में भ्रष्टाचार आम आदमी को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। इसलिए देश की वृद्धि और विकास के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना आवश्यक है। उन्होंने तीन प्रकार की सतर्कता-निवारक, दंडात्मक और सहभागी सतर्कता के बारे में बहुत अच्छे ढंग से व्याख्या की।

इस संगोष्ठी में एन.एस.एस., स्वच्छता सेनानी टीम, एन.सी.सी., यूथ रेड क्रॉस, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। छात्रों में जागरूकता और रुचि पैदा करने के लिए कॉलेज परिसर में निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की गई जिसमें निबंध लेखन में 74 और पोस्टर मेकिंग में 68 विद्यार्थिओं ने भाग लिया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के छात्रों को वैश्विक परिदृश्यों और प्रासंगिकता के मुद्दों के बारे में अद्यतन रखने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इस कार्यक्रम का समापन विपुल शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम में डॉ. के.एल.कौशिक, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रामचन्द्र, प्रिया अरोरा, नेहा गोयल और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला रहे।



निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का अवलोकन करते प्राचार्य डॉ. के के गुप्ता।

छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।